Roll No. ........................ Exam Code : J-21

# Subject Code—53757

## B. A. EXAMINATION

(Batch 2018 Onwards) (Main)

(Sixth Semester)

HINDI (Compulsory)

HINC-302

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks :* 80

**नोट** : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **5×2=10**

(क) उत्साह वास्तव में कर्म और फल की मिलीजुली अनुभूति है । जिसकी प्रेरणा से तत्परता आती है । यदि फल दूर ही पर दिखाई पड़े, उसकी भावना के साथ ही इसकी लेशमात्र भी कर्म या प्रयत्न के साथ लगाव न मालूम हो तो हाथ-पांव कभी न उठे और उस फल के साथ संयोग ही न हो ।

Scanned by TapScanner

(ख) गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती । अत: गिल्लू की यात्रा का अंत आ ही गया । रात में अंत की यातना में भी वह अपने झूले से उतर कर मेरे बिस्तर पर आया और ठंडे पंजों से मेरी वही उंगुली पकड़कर हाथ से चिपक गया, जिसे उसने अपने बचपन की मरणावस्था स्थिति में पकड़ा था ।

(ग) राम का निर्वासन वस्तुत: सीता का दुहरा निर्वासन है । राम तो लौटकर राजा होते हैं, पर रानी होते ही सीता राजा राम द्वारा वन में निर्वासित कर दी जाती है । राम के साथ लक्ष्मण हैं, सीता हैं । सीता वन्य पशुओं से घिरी हुई विजन में सोचती है–प्रसव की पीड़ा हो रही है; कौन इस बेला में सहारा देगा, कौन प्रसव के समय प्रकाश दिखाएगा, मुझे संभालेगा, कौन जन्म के गीत गाएगा ।

(घ) लेकिन देवदारू है कि नीचे नहीं उतरा, समझौते के रास्ते नहीं गया और उसने अपनी खानदानी चाल नहीं छोड़ी । झूमता है तो ऐसा मुस्कराता हुआ, मानो कह रहा हो मैं सब जानता हूँ, सब समझता हूँ । तुम्हारे करिश्मे मुझे मालूम हैं,

Scanned by TapScanner

2. निम्नलिखित में से **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : **5**

(i) महादेवी वर्मा का जीवन परिचय देते हुए उनके साहित्य की विशेषता बताइये ।

(ii) 'आशा का अंत' निबंध का सार लिखिए ।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए : **3×5=15**

(i) भारतीय जनता लॉर्ड कर्जन की किन नीतियों से दु:खी थी ?

(ii) गिल्लू (गिलहरी) का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(iii) द्विवेदी जी ने देवदारू की किन-किन किस्मों का वर्णन किया है ?

(iv) दानवीर और कर्मवीर की क्या पहचान है ?

(v) 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' निबंध में लेखक ने वर्तमान जीवन की किस समस्या की ओर संकेत किया है ?

(vi) 'आशा का अंत' निबंध का उद्देश्य बताइए ।

4. निम्नलिखित में से **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : **7**

(क) हरियाणवी भाषा के उद्‌भव और विकास का उल्लेख कीजिए ।

(ख) हरियाणवी कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

Scanned by TapScanner

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×2=8**

(क) हरियाणवी की बांगरू बोली का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(ख) पं. लक्ष्मीचंद का जीवन-परिचय लिखिए ।

(ग) हरियाणवी भाषा के नामकरण पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

(घ) ताऊ सांगी के सांग साहित्य की किन्हीं **दो** विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **3×5=15**

(क) संपादक के गुण और दायित्व पर प्रकाश डालिए ।

(ख) फीचर की परिभाषा देते हुए उसके स्वरूप पर प्रकाश डालिए ।

(ग) शीर्षक की संरचना का विवेचन कीजिए ।

(घ) पत्रकारिता के विविध रूपों का उल्लेख कीजिए ।

(ङ) समाचार लेखन के छः ककार कौनसे हैं ? वर्णन कीजिए ।

(च) पत्रकारिता के महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।

Scanned by TapScanner

7. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **10×2=20**

(i) आचार्य शुक्ल ने भय और उत्साह का संबंध किस-किस से जोड़ा है ?

(ii) गिल्लू में कौनसी ऐसी विशेषताएँ थीं, जो सबको आश्चर्यचकित करती थीं ।

(iii) देवदारू का नाम और अस्तित्व कब से है ?

(iv) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार देवदारू मानवता को क्या संदेश देता है ?

(v) शुक्ल जी ने मानव जीवन के लिए उत्साह को क्यों अनिवार्य बताया है ?

(vi) संपादकीय लेखन की विशेषता बताइए ।

(vii) शीर्षक कितने प्रकार के होते हैं ? नाम बताइए ।

(viii) कौरवी बोली हरियाणा के किन-किन क्षेत्रों में बोली जाती है ?

(ix) शीर्षक का मूल अर्थ क्या है तथा यह किस शब्द से निर्मित है ?

(x) हरियाणवी की **दो** प्रमुख बोलियों के बारे में बताइए ।

Scanned by TapScanner